मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-251
04/05/2021

वरिष्ठ पत्रकार सुनील पांडेय के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार एवं वर्तमान में सूचना एवं जन संपर्क विभाग (बिहार) के पी0आर0 एजेंसी में क्रिएटिव राइटर के पद पर कार्यरत सुनील पांडेय की कोरोना संक्रमण से हुई असामयिक मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में वे काफी चर्चित थे। उन्होंने कई समाचार चैनलों में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******